डाक पंजीयन संख्या जयपुर सिटी/002/2023-25



www.morningnewsindia.com
fb / morningnewsindiaFB
YouTube / @morningnewsindia

मॉर्निंग न्यूज़

# जयपुर में खेल भवन-आरसीए की छत से देख सकेंगे आईपीएल

## खेल सचिव बोले-13 अप्रैल को होने वाले राजस्थान और बेंगलुरु मैच के सभी ऑफलाइन टिकट बिके

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**



जयपुर में 13 अप्रैल से इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले की शुरुआत होने जा रही है। पहला मैच 13 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। इसकी सभी टिकट बिक चुकी हैं। ऐसे में मैच के दौरान स्टेडियम की सिटिंग कैपेसिटी को बढ़ाने के लिए खेल परिषद द्वारा पहली बार एक प्रयोग किया गया है। इसके तहत स्टेडियम से 50 मीटर दूर खेल भवन और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की अकादमी की छत पर स्पेशल सिटिंग अरेंजमेंट किया गया है। जहां बैठ प्रदेश के अवॉर्डी और स्पोर्ट्स काउंसिल के सीनियर ऑफिसर्स मैच देख सकेंगे।

**भविष्य में किए जा सकते हैं परमानेंट सिटिंग अरेंजमेंट :** खेल विभाग के सचिव नीरज कुमार पवन ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग के जयपुर में होने वाले मुकाबले के दौरान सिटिंग कैपेसिटी को बढ़ाने के लिए खेल भवन और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की अकादमी की छत पर अस्थाई तौर पर सिटिंग अरेंजमेंट किया गया है। अगर यह अस्थाई अरेंजमेंट सफल हो जाता है। यहां बैठने वाले दर्शकों को अच्छा व्यू और मैच एक्सपीरियंस अच्छा रहता है तो भविष्य में वहां परमानेंट सिटिंग अरेंजमेंट किए जाएंगे।

### 100-100 कुर्सियां लगाई जाएंगी

*उन्होंने कहा कि फिलहाल वहां टेंपरेरी बेसिस पर 100-100 कुर्सियां लगाना प्रस्तावित है। उनके न तो टिकट होंगे और न ही किसी तरह का कॉम्पलीमेंट्री पास दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल वहां पर राजस्थान के अवॉर्डी और खेल परिषद के सम्मानित लोगों को बिठाने की व्यवस्था करने का प्रयास करेंगे। लाइट की व्यवस्था भी फिलहाल टेंपरेरी बेसिस पर ही की गई है। ऐसे में यह हमारे द्वारा किया जाने वाला एक प्रयोग है, जो सफल होगा या नहीं यह भविष्य में ही पता चल सकेगा। पवन ने कहा कि फिलहाल राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु के मैच के सभी ऑफलाइन टिकट बिक चुके हैं। इसके बाद राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन द्वारा टिकट काउंटर बंद कर दिए गए हैं। हालांकि आने वाले मैचों के लिए जल्द ही टिकट काउंटर फिर से खोले जाएंगे।*

# पीडब्ल्यूडी अधिशाषी अभियंता हरिप्रसाद मीणा के एसीबी की छापेमारी

## जयपुर और दौसा सहित पांच ठिकानों पर छापा करोड़ों की रुपए की काली कमाई उजागर





**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

प्रदेश के अफसरों के घूसखोरी के मामलों को देखते हुए लगता है यहां अब भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन गया है। इस कड़ी में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशाषी अभियंता (एक्सईएन) हरिप्रसाद मीणा के जयपुर और दौसा सहित 5 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। एसीबी के मुताबिक मीणा पर आय से लगभग दो सौ प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। टीम ने कई दस्तावेज, पासबुक, प्रॉपर्टी डील, डिजिटल डेटा आदि को जब्त किया है।

पुलिस महानिदेशक एसीबी रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड दूदू, जिला जयपुर में पोस्टेड एक्सईएन हरिप्रसाद मीणा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत मिली थी। जिस पर गुरूवार की सुबह एक्सईएन के 5-6 ठिकानों सर्च किया जा रहा है। इनमें दूदू के गांव बगड़ी और जगतपुरा में उसके घर सहित ऑफिस में भी एसीबी के अधिकारी सर्च कर रहे है। एसीबी की प्रारंभिक जांच में हरिप्रसाद मीणा के पास कई बेनामी संपत्तियां और लग्जरी सुविधाएं सामने आई हैं। दो ऑडी कारें, एक स्कॉर्पियो, फोर्ड एंडेवर एसयूपी और रॉयल एनफील्ड बाइक, यूनिक एम्पोरिया और यूनिक न्यू टाउन अपार्टमेंट्स में तीन महंगे फ्लैट, दौसा के बगड़ी गांव में एक फार्म हाउस, विदेश यात्राओं और लग्जरी होटलों में ठहरने का भी ब्यौरा मिला है। इसके अलावा 19 बैंकों में खाते हैं। जिनमें करोड़ों के लेनदेन की जानकारी भी सामने आई है। साथ ही बैंकों से लिए भारी लोन को भी कम समय में चुकाने की जानकारी सामने आई है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र कुमार ने बताया कि सर्च में एक्सईएन के यहां कई एग्रीकल्चर जमीनों के भी दस्तावेज भी मिले हैं। मीणा ने विदेश यात्राओं और महंगी होटलों में रुकने में करीब 45 लाख रुपए भी खर्च किए हैं। साथ ही एक्सईएन ने जयपुर के अलावा दौसा में भी जमीनों में इन्वेस्ट किया है। उसने लालसोट में एक लग्जरी फार्म हाउस भी बना रखा है। आरोपी और परिवारजनों के करीब 19 बैंकों में खाते हैं जिन से करोड़ों का लेनदेन हुआ है। एक्सईएन ने सरकारी नौकरी में आने से अब तक करीब चार करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी जमा की है, जो कि जो कि उनकी आय से करीब 200 प्रतिशत अधिक है। फिलहाल आरोपी एक्सईएन से उसके जगतपुरा स्थित घर पर पूछताछ की जा रही है और पूछताछ में और भी कई खुलासे हो सकते हैं।

**मुख्य न्यायाधीश बोले-हमारे पास केसों के अनुपात में पर्याप्त जज नहीं**

# राजस्थान हाईकोर्ट में करीब 6 लाख मुकदमे लंबित



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** प्रदेश की अदालतों में बढ़ते मुकदमों की संख्या से जज भी प्रभावित हो रहे हैं। अकेले हाईकोर्ट की बात करें तो यहां करीब 6 लाख मुकदमे लंबित हैं। वहीं न्यायाधीशों के स्वीकृत पदों के मुकाबले जजों की संख्या भी कम है। वर्तमान में राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीशों के 24 प्रतिशत पद खाली हैं। अभी मुख्यपीठ जोधपुर और जयपुर पीठ में न्यायाधीशों के 50 स्वीकृत पदों में से 38 न्यायाधीश ही कार्यरत हैं। ऐसे लंबित मुकदमों के मुकाबले जजों की कम संख्या को लेकर मुख्य न्यायाधीश भी कई बार चिता जता चुके हैं।

बुधवार को नवनियुक्त न्यायाधीशों के सम्मान समारोह में भी उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि होना एक बड़ा अध्याय होता है। आप सब जानते हैं, आप किसी से छिपा नहीं है। हमारे यहां मुकदमों की संख्या बहुत ज्यादा है और उन मुकदमों के अनुपात में पर्याप्त जज हमारे पास नहीं हैं। राजस्थान हाईकोर्ट में प्रत्येक जज पर करीब 16,096 मुकदमों का भार है। इसे लेकर भी मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पर्याप्त संख्या में जज नहीं होने से प्रति न्यायाधीश मुकदमों का भार बहुत होता है। इसी कारण से बहुत सारे प्रकरण जिनकी जल्दी सुनवाई होनी चाहिए।

# सीएम ने सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर स्टेशन का किया निरीक्षण

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दो दिवसीय हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर दौरे के तहत बुधवार को श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने पावर स्टेशन का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत उत्पादन के लिए संचालित इकाइयों का सुव्यवस्थित संचालन किया जाए जिससे ग्रीष्म ऋतु में किसानों व आमजन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। शर्मा ने पावर स्टेशन के कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि पॉवर स्टेशन के सभी तकनीकी पहलुओं का समय-समय पर निरीक्षण किया जाए जिससे ब्रेक-डाउन जैसी स्थिति के कारण विद्युत उत्पादन प्रभावित नहीं हो तथा तकनीकी खराबी के कारण उत्पादन इकाइयों के शट डाउन जैसी स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने सभी इकाइयों की विद्युत उत्पादन क्षमता की नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नवीन तकनीक से कम लागत में प्रदेश के बिजली उत्पादन की क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में सूरतगढ़ थर्मल पावर स्टेशन में 125/250 मेगावॉट ऑवर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की स्थापना के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं।

## बिजनेस

# 50 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक ग्रोथ के साथ अमेजन फ्रेश तेजी से बढ़ते शहरों में शामिल

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**



जयपुर में अमेजन फ्रेश तेजी से अपना विस्तार कर रहा है। पिंक सिटी में अमेजन फ्रेश के 90 प्रतिशत ग्राहक यहां से बार-बार खरीदारी कर रहे हैं। 2024 (2023 की तुलना में) के दौरान जयपुर में अमेजन फ्रेश ने साल-दर-साल आधार पर 50 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की है। यह दिखाता है कि ग्राहक इसे कितना पसंद करते हैं।

अमेजन फ्रेश ने पाओटा कलेक्शन सेंटर की मदद से शहर में अपनी स्थानीय जड़ों को मज़बूत किया है। 2021 में जहां सिर्फ़ 26 किसान इसके साथ जुड़े थे, वहीं आज भागीदारों की संख्या बढ़कर 300 से अधिक हो गई है। खेत से सीधे ग्राहकों की मेज तक उत्पादों को पेश करने के लिए चौमूं, बस्सी, कोटपुतली, विराटनगर और अलवर में प्रमुख कृषि केंद्रों को आपस में जोड़ा गया है। इससे जहां परिवहन का समय काफी कम हो जाता है, वहीं ग्राहकों को ताजगी से भरपूर उत्पाद मिलते हैं। अमेजन फ्रेश के डायरेक्टर श्रीकांत श्री राम ने कहा कि जयपुर के ग्राहक अपनी किराना से जुड़ी खरीदार के लिए तेजी से अमेजन फ्रेश को चुन रहे हैं। हमें बेहतरीन क्वालिटी वाले फल और सब्जियों की विशाल रेंज को बहुत ही किफायती कीमत पर दो घंटे के निर्धारित डिलीवरी स्लॉट के भीतर उपलब्ध करा रहे हैं। श्री राम कहते हैं कि, राजस्थान में 300 से ज्यादा किसानों के साथ साझेदारी कर, हम न केवल स्थानीय कृषि का समर्थन कर रहे हैं, बल्कि हमारा यह भी प्रयास है कि अमेजन फ्रेश के ग्राहकों को सबसे ताजे फल और सब्जियां मिलें। उन्होंने बताया कि हमारा हर उत्पाद 4 चरण की कठोर गुणवत्ता जांच से गुजरता है।

जयपुर की स्थानीय पसंद को ध्यान में रखते हुए ग्राहक अमेजन फ्रेश पर विभिन्न प्रकार के रंगीन खरबूजे, अलग अलग इलाकों की हरी मिर्च और लौकी भी खरीद सकते हैं। ऑर्गेनिक उत्पादों को लेकर ग्राहकों की बढ़ती रुचि को देखते हुए किसान भी कैमिकल फ्री खेती का रुख कर रहे हैं। जयपुर की बात की जाए तो यहां भी खरीदारी का पैटर्न मेट्रो शहरों जैसा ही है, जहां वीकेंड-विशेष रूप से रविवार को सबसे ज़्यादा ऑर्डर किए जाते हैं। यहां तेल, चावल, दालें, हर्ब और मसालों की मांग में सबसे ज्यादा देखने को मिली हैं, वहीं स्नैक्स और बिस्कुट की भी जोरदार बिक्री हुई है। प्रत्येक महीने का पहला रविवार, जो अमेजन फ्रेश के सुपर वैल्यू डेज़ में शामिल है।

# टैरिफ पर रोक के बाद अमेरिकी बाजार 12 प्रतिशत तक चढ़े

## जापान-ताइवान के बाजार में करीब 9 फीसीद की तेजी, गिफ्ट निफ्टी 700 अंक ऊपर

**मुंबई (एजेंसी)।** अमेरिकी बाजार 9 अप्रैल को 12 प्रतिशत तक चढ़कर बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी 9 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी रही। वहीं भारतीय बाजार आज महावीर जयंती की छुट्टी के कारण बंद हैं। बाजारों में आई इस तेजी की वजह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का वो फैसला है, जिसमें उन्होंने चीन को छोड़कर अन्य सभी देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ को 90 दिनों के लिए टाल दिया है।

***एशियाई बाजार तेजी के साथ बंद हुए***

- जापान का निक्केई इंडेक्स 2,894 पॉइंट या 9.13 प्रतिशत चढ़कर 34,609 के स्तर पर बंद हुआ।
- कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 151 पॉइंट या 6.60 प्रतिशत चढ़कर 2,445 के स्तर पर बंद हुआ ह।
- ताइवान का टीएआईईएक्स इंडेक्स 1608 पॉइंट या 9.25 प्रतिशत चढ़कर 19,000 के स्तर पर बंद हुआ।
- एनएसई के इंटरनेशनल एक्सचेंज पर ट्रेड होने वाला गिफ्ट निफ्टी करीब 700 अंक ऊपर है।
- चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 37 पॉइंट या 1.16 प्रतिशत चढ़कर 3,223 पर पहुंच गया है।

# टीवी, फ्रिज, स्मार्टफोन हो सकते हैं सस्ते

## चीनी मैन्युफैक्चरर्स भारत को 5 प्रतिशत डिस्काउंट दे रहे, इसकी वजह चीन-अमेरिका का ट्रेड वॉर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टैरिफ के कारण अमेरिका-चीन के बढ़ते ट्रेड वॉर के बीच कई चीनी इलेक्ट्रॉनिक कम्पोनेंट मैन्युफैक्करर्स भारतीय कंपनियों को 5त्न तक की छूट ऑफर कर रहे हैं। ऐसे में इंडियन इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स मांग को बढ़ाने के लिए इस डिस्काउंट का कुछ हिस्सा कंज्यूमर को पास कर सकते हैं। इस कदम से भारत में टीवी, फ्रिज, स्मार्टफोन जैसे कई इलेक्ट्रॉनिक्स सामान सस्ते हो सकते हैं। इकोनॉमिक टाइम्स ने इसे लेकर एक रिपोर्ट पब्लिश की है। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रेड वॉर से अमेरिका में चीन से आने वाला सामान महंगा हो जाएगा, इससे डिमांड में कमी आ सकती है। डिमांड की कमी की चिंता चीनी कम्पोनेंट मैन्युफैक्चरर्स पर दबाव बढ़ा रही है। ऐसे में डिमांड को बढ़ाने के लिए ये मैन्युफैक्चरर्स भारतीय कंपनियों को डिस्काउंट दे रहे हैं।




## स्पोर्ट्स

**15-15 खिलाड़ियों के साथ उतरेंगी 6-6 टीमें, 15-15 मेंबर्स स्क्वॉड चुन सकती हैं टीमें**

# लॉस एंजिलिस ओलिंपिक में 128 साल बाद खेला जाएगा क्रिकेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलिंपिक गेम्स 2028 में क्रिकेट के मेंस और विमेंस दोनों ही कैटेगरी में कुल 6-6 टीमें हिस्सा लेंगी। इसका ऐलान इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी (आईओसी) ने बुधवार को किया। दोनों कैटेगरी में सभी 6 टीमें अपने-अपने स्क्वॉड में 15 मेंबर्स चुन सकती हैं। ओलिंपिक में क्रिकेट को पिछले साल शामिल किया गया था। इसमें क्रिकेट के टी-20 फॉर्मेट को चुना गया है।



ओलिंपिक में क्रिकेट केवल एक बार शामिल हुआ था। ओलिंपिक में 128 साल बाद क्रिकेट की वापसी होगी। इससे पहले क्रिकेट 1900 के पेरिस ओलिंपिक में शामिल हुआ था। तब ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस की टीमों ने इसमें हिस्सा लिया था। ग्रेट ब्रिटेन ने गोल्ड और फ्रांस ने सिल्वर मेडल जीता था। दोनों टीमों के बीच केवल एक ही मैच खेला गया था और इसी मैच को फाइनल घोषित कर दिया गया था।

**क्वालिफिकेशन प्रोसेस के बारे में अब तक जानकारी नहीं :** क्रिकेट इवेंट्स किस वेन्यू पर खेले जाएंगे, फिलहाल इसका ऐलान नहीं हुआ है। हालांकि न्यूयॉर्क मैचों की मेजबानी करने की रेस में है। अभी तक 2028 ओलिंपिक के लिए क्वालिफिकेशन प्रोसेस के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

लॉस एंजिलिस ओलिंपिक में अमेरिका का खेलना तय माना जा रहा है, क्योंकि उन्हें मेजबान कोटे का फायदा मिलेगा। इसका मतलब होगा कि अमेरिका के अलावा पांच और टीमें हिस्सा ले सकेंगी और उन्हें क्वालिफिकेशन प्रोसेस से गुजरना होगा।

# हैप्पी का एनसीए हाई परफॉरमेंस प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी के अनुसारबीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाली राजस्थान की युवा अंडर 19 महिला खिलाड़ी हैप्पी कुमारी का चयन बीसीसीआई महिला चयन कमेटी ने आगामी 21 अप्रैल से 15 मई 2025 के दौरान बेंगलोर एनसीए के विशेष हाई परफॉरमेंस प्रशिक्षण शिविर (सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस ) के लिए किया है। बीसीसीआई द्वारा आगामी घरेलु क्रिकेट सत्र की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की प्रतिभा को ओर अधिक सुदृढ़ करने हेतु ह्ृष्ट के अंतर्गत देश के विभिन्न केंद्रों पर एनसीए सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस केन्दों के स्थापन की गयी है जिसमे चयनित खिलाडियों को बीसीसीआई द्वारा अनुभवी कोचों की निगरानी में रच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है। राष्ट्रिय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर देश का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा खिलाडियों को राजस्थान क्रिकेट संघ ने हैप्पी कुमारी को 25 मार्च 2025 को महिला अंडर 19 आयु वर्ग में आरसीए एप्रिशियेशन अवार्ड देकर सम्मानित किया था। राजस्थान की हैप्पी कुमारी को बेंगलोर के स्थित एनसीए के नए स्थापित सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस सेंटर में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।



# विनेश फोगाट ने 4 करोड़ का ऑफर स्वीकारा

## प्लाट या सरकारी नौकरी नहीं ली, हरियाणा सीएम ने रेसलर को 3 चॉइस दी थी

**जींद (एजेंसी)।** कांग्रेस एमएलए रेसलर विनेश फोगाट ने हरियाणा की बीजेपी सरकार का 4 करोड़ रुपए लेने का ऑफर स्वीकार कर लिया है। सरकार की तरफ से उन्हें तीन च्वाइस दी गई थी- सरकारी नौकरी या प्लाट या 4 करोड़ कैश। इसमें से विनेश ने 4 करोड़ कैश अवॉर्ड को लेकर सहमति दी है। हालांकि विनेश फोगाट ओलिंपिक से बिना मेडल ही देश लौटी थीं। बाद में वे कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर विधायक बन गई हैं। कैश अवॉर्ड को लेकर विनेश फोगाट का सहमति का पत्र खेल विभाग को मिल चुका है। उन्हें राशि देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



बता दें कि विनेश 2024 के पेरिस ओलिंपिक में फाइनल मुकाबले तक पहुंची थीं। हालांकि 100 ग्राम बढ़े वजन की वजह से वह फाइनल मुकाबला खेलने से पहले ही बाहर हो गईं। जिसके बाद ष्टरूनायब सैनी ने विनेश का सिल्वर मेडलिस्ट जैसा सम्मान करने का ऐलान किया था। हालांकि जब कुछ नहीं मिला तो विनेश ने विधानसभा के बजट सत्र में कहा था कि सरकार ने उन्हें सिल्वर मेडल के बराबर सम्मान देने घोषणा की थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक मोहन शर्मा के लिए ए-9, प्रथम तल, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से प्रकाशित एवं मोहन शर्मा एण्ड कंपनी प्रा.लि. ए-9, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र जयपुर से मुद्रित। संपादक : अरुज मोहन भारद्वाज, संपादकीय प्रभारी : फूलचन्द बिलोनिया*
मो. 98875-21440, फोनः 2210316 फैक्स-2210022, अखबार प्राप्त करने के लिए : 2210316 आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2005/15194 e-mail: morningnews22@gmail.com/editorial.morningnews@gmail.com
*पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेदार।